राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

योजना भवन, तिलक मार्ग, जयपुर–302005

क्रमांक: **F26.4(80)/DES /Budget Announ. /RYMP/2023-03911** दिनांक

राजीव गाँधी युवा मित्र इन्टर्नशिप प्रोग्राम–2023 प्रवेश सूचना

राज्य सरकार द्वारा युवाओं को जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम और योजनाओं से जोड़ने और इन इन्टर्न्स के माध्यम से राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभों और पात्रताओं के प्रति जागरूकता एवं राज्य के निवासियों में इनका बेहतर ढंग से प्रचार–प्रसार करने के लिए ''राजीव गाँधी युवा मित्र इन्टर्नशिप प्रोग्राम'' में प्रवेश के लिए राज्य के 18 वर्ष से 40 वर्ष एवं सीनियर सेकैण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

इन्टर्नशिप में प्रवेश के लिए ऐसे युवाओं को अवसर दिया जायेगा, जिन्हें समाज–सेवा के कार्यक्रमों, किसी गैर सरकारी संस्था के साथ काम करने अथवा राजस्थान के निवासियों के बीच जन–कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए कार्य करने का अनुभव होगा। साथ ही ऐसे युवाओं को वरीयता दी जायेगी जो स्काउटिंग, एन.सी.सी, एन.एस.एस इत्यादि कार्यक्रमों के भी हिस्सा रहे हों।

इच्छुक इन्टर्न्स को उनकी योग्यता व अनुभव के आधार पर आवश्यकताानुसार उनके द्वारा आवेदित स्थान यथा जिला/ब्लॉक में स्थानीय फील्ड कार्य करने के लिए इन्टर्नशिप प्रदान की जायेगी। इन्टर्नशिप के दौरान इन्टर्न्स को इन्टर्नशिप की सभी शर्तें पूर्ण करते रहने पर ''राजीव गाँधी युवा मित्र इन्टर्नशिप प्रमाण–पत्र'' दिया जायेगा।

''राजीव गाँधी युवा मित्र इन्टर्नशिप प्रोग्राम'' पूर्णतया इन्टर्नशिप प्रोग्राम है जो भविष्य में किसी भी प्रकार के रोजगार की गारंटी नहीं देता है।

''राजीव गाँधी युवा मित्र इन्टर्नशिप प्रोग्राम'' में प्रवेश के लिए चयन से संबंधित अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.statistics.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव